# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय गुरूर, जिला- बालोद (छ.ग.)

## महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन, 2019-20

आज के वार्षिकोत्सव एवं पुरूस्कार वितरण समारोह 2020 के कार्यक्रम के सम्मानित अतिथिगण :–

| | |
|---|---|
| मुख्य अतिथि | माननीया डॉ. अरूणा पल्टा जी (कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग) |
| अध्यक्षता | माननीया श्रीमती रानू साहू जी (कलेक्टर जिला – बालोद) |
| विशेष अतिथि | माननीया सुश्री हितेश्वरी बाघे जी (डिप्टी कलेक्टर जिला – बालोद) |
| | माननीय श्री अश्वनी शर्मा जी (मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत गुरूर) |

शासकीय नवीन महाविद्यालय गुरूर के वार्षिकोत्सव के शुभ अवसर पर मैं आप सभी का महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करता हूं ।

महोदया,

महाविद्यालय की स्थापना हुये 12 वर्ष हो गये हैं, और महाविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसित है। वर्तमान सत्र् में महाविद्यालय में कुल 789 छात्र–छात्राएं तीनो संकाय (कला, वाणिज्य एवं विज्ञान (वायो व गणित)) में अध्ययनरत है। जिनमें 249 छात्र तथा 540 छात्राएं है। इसमें अनुसूचित जाति 53, अनुसूचित जनजाति 237 अन्य पिछड़ा वर्ग 484, सामान्य 15 है।

शिक्षा सत्र् 2019–20 के तहत् प्रवेशोपरान्त महाविद्यालय परिसर पर वृक्षारोपन का कार्य सम्पन्न कराया गया है, जिसके तहत् 150 छायादार, फलदार वृक्षों का रोपन किया गया । डिजिटल इंडिया के तहत् 08 सीसीटीवी कैमरा एवं महाविद्यालय परिसर मे वाई–फाई की सुविधा पूर्व से विधमान है। महाविद्यालय में कुल 27 कम्प्यूटर एवं 10 योग विहंगम के द्वारा प्रदाय किया हुआ है जिसमे शासन की योजनान्तर्गत (NME/ICT) 10 ब्राड बैंड कनेक्शन किया गया था किन्तु वर्तमान में एक ही कनेक्शन कार्यरत है । स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई तथा जागरूकता रैली आयोजित की गई तथा खेलकूद मैदान का समतलीकरण जनभागीदारी मद से पूर्ण किया गया एवं विधायक मद से निर्मित कैंटीन भवन को शुभारंभ करने हेतु आवश्यक सामग्री मुहैया कराते हुए मॉ. महिला स्व–सहायता समुह गुरूर को संचालन करने का दायित्व सौपा गया। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जन जागरूकता रैली व नारालेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । अध्ययन कक्षाओं को अनमोल वचन तथा महापुरूषों की तस्वीर लगाकर साज–सज्जा किया गया है । रासेयो इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ''स्वच्छता के लिये युवा'' को लेकर ग्राम–बी.जामगांव, में 26.11.2019 से 02.12.2019 तक शिविर आयोजित कर जनजागरूकता लाने का प्रयास किया गया। रासेयो स्थापना दिसव 23 एवं 24 दिसंबर को रायपुर में इस महाविद्यालय का छात्र खिलेश्वर कुमार ने सास्कृतिक कार्यक्रम में एवं खेमचंद खो--खो में भाग लिया एवं महात्मा गांधी जी के 150 वीं जयंती पर जिला स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता में कु. गीताजली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रासेयो इकाई के स्वयं सेवको के द्वारा ही समर इंटर्नशीप--02 कार्यक्रम गोदग्राम कन्हारपुरी में स्वच्छता के अतिरिक्त शौचालय निर्माण एवं उसका उपयोग पर कार्यक्रम आयोजित किये गये एवं कम्पोस्ट खात तैयार करने के तरीके बताये गये, तथा जल संरक्षण, पॉलिथीन एवं प्लास्टिक की रोकथाम हेतु जनजागरूकता लाने हेतु सांस्कृतिक

क्रमश.......02



Scanned with CamScanner

कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओ द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत् स्वीप कार्यक्रम आयोजित कर महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं के बीच जागरूकता लाने के लिये महाविद्यालय में रंगोली, निबंध प्रतियोगिता आयोजित करते हुए परिचर्चा का आयोजन तथा वचन मतदान का शपथ दिलाई गई । कैरियर गाइडेंस के तहत् छात्र–छात्राओं में स्वरोजगार के प्रति प्रेरणा प्रदान करने हेतु विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे करे से संबंधित जानकारी श्री अजय कुमार सिंह पूर्व इण्डियन नेवी आफिसर के द्वारा जानकारी प्रदान किया गया इसी तरह एस.बी.आई. दुर्ग से आगत शाखा प्रबंधक रवीन्द्र पाण्डेय जी एवं श्री सुरेश कामडे के द्वारा रोजगार के विभिन्न तरीके सुझाये गये। जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत् रंगोली व्याख्यान माला एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 19 अगस्त 2019 को नेतृत्व क्षमता कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें धमतरी से आगत अर्पिता जैन द्वारा व्याख्यान दिया गया, 27 अगस्त 2019 को किशोर न्याय जागरूकता के तहत् बच्चो के अधिकार, सुरक्षा एवं लैंगिक अपराध पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी बालोद द्वारा विसतृत प्रकाश डाला गया। 29 अगस्त 2019 को फिट इंण्डिया–हिट इंण्डिया कार्यक्रम के तहत् प्रधानमंत्री जी विचारो का प्रसारण कार्यक्रम का लाभ महाविद्यालयीन समस्त छात्र–छात्राओ को प्रदान किया गया।

कैरियर गाईड्स के तहत् ही दैनिक भास्कर टीम (रायपुर से आगत) द्वारा व्यवसाय के क्षेत्र एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में कैसे सफल हो इसकी जानकारी प्रदान किया गया। इसी प्रकार नशापान की रोकथाम हेतु 01 अक्टूबर 2019 को व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमें खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जी.आर. रावटे एवं उनके टीम के द्वारा तम्बाकू सेवन से होने वाले विभिन्न रोग एवं रोकथाम पर प्रकाश डाला गया। पोषण आहार के तहत् एकीकृत बाल विकास परियोजना गुरूर द्वारा छात्र–छात्राओं को विभिन्न जानकारी प्रदान किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अन्तर्गत बेटी–बचाओ, बेटी– बढाओ के तहत् रंगोली, मेंहदी, विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर तथा भ्रष्टाचार उन्मूलन पर सत्य निष्ठा की शपथ दिलायी गयी। 11 दिसंबर 2019 को अभ्यास एकेड्मी दुर्ग द्वारा बालिकाओ के लिये (सेनेटरी पेड) जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। 13 दिसंबर 2019 को महाविद्यालय में आगत पदेन उप सचिव एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी डॉ. समरेन्द्र सिंह (रासेयो) एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आर. पी. अग्रवाल के द्वारा छात्रो के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। सत्र के दौरान महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के तहत् तीन व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमें दिनांक दिनांक 22.11.2019 को शासकीय महाविद्यालय बोरी (दुर्ग) से आगत् डॉ. मीना चक्रवर्ती, सहायक प्राध्यापक रसायन द्वारा formation of co Valent Bond विषय एवं शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर (दुर्ग) से आगत् डॉ. हेमा कुलकर्णी, सहायक प्राध्यापक जन्तु विज्ञान द्वारा Human Genetics विषय पर व्याख्यान दिया गया तथा दिनांक 10.12.2019 को श्री हितेन्द्र कुमार शोध छात्र द्वारा गणित विषय IISER, Pune ( Indian Institute of Science Education & Research Pune) सत्र 2018–19 के दौरान डी. एम. एफ. योजनान्तर्गत जिला प्रशासन की ओर से एक बोर उत्खनन किया गया।

**क्रीड़ा विभागः–** सत्र के दौरान अन्तर महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं द्वारा शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा मे आयोजित मैराथन दौड़ (10 कि.मी) में महाविद्यालय के 10 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया इसी प्रकार शंकराचार्य महाविद्यालय भिलाई में आयोजित कुस्ती प्रतियोगिता में भाग लेकर महाविद्यालय के छात्र एश्वर्य कुमार कक्षा बी.कॉम द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सेठ रतन चंद सुराना महाविद्यालय में इस महाविद्यालय के 18 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया जिसमें 01 छात्रा कु. विद्या ध्रुव का राज्य

क्रमशः........03



Scanned with CamScanner

स्तरीय प्रतियोगिता हेतु महासमुंद में भाग लेने के लिये चयनित हुई। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाविद्यालयीन प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को विविध खेलकूद यथाः– खो–खो, रस्सा खीच, आलू दौड, कवड्डी, स्लो–साईक्लिंग, क्रिकेट आदि प्रतियोगिता एवं साहित्यिक गतिविधियों में प्रश्न मंच, वाद–विवाद, भाषण, तथा फैन्सी ड्रेस रंगोली आदि का आयोजन किया गया। व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हे अपनी प्रतिभा को उजागर करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

वर्तमान में नियमित प्राध्यापक के रूप में डॉ. जे.एल. बघेल, (समाजशास्त्र/प्रभारी प्राचार्य), डॉ. के. एल. रावटे (सहा. प्राध्या. हिन्दी) प्रो. एल. आर. हिरवानी, (सहा. प्राध्या. भौतिक शास्त्र) डॉ. वाय. के. धुर्वे, (सहा. प्राध्या. राजनीति विज्ञान) एवं प्रो. एस. जोशी, (सहा. प्राध्या. भूगोल) कार्यरत है । शासन के नियमानुसार वर्तमान सत्र में तीनों संकायों के रिक्त (सात) सहायक प्राध्यापक पद के विरूद्ध अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति की गई है, जिसके अन्तर्गत अंग्रेजी में श्री हरिशंकर दिवान, रसायन शास्त्र में सुश्री विधा साहू, प्राणीशास्त्र में सुश्री डॉली ठाकुर, वनस्पत्ति शास्त्र मे श्री पंकजदास साहू, वाणिज्य में श्री गौसेवक प्रसाद देवांगन एवं सुश्री रेणु पाटले तथा गणित में सुश्री खुशबू साहू कार्यरत है । कार्यालयीन स्टॉफ में श्री डी.के. सोनी मुख्य लिपिक, अनिशा परदेशी, सहा. ग्रेड–3, कार्यरत है। प्रयोगशाला तकनीशियन के रूप में श्रीमती सविता गिलहरे तथा दो नियमित भृत्य श्री भुवन लाल ध्रुव व श्री राजन सिंह कार्यरत है। शेष जनभागीदारी मद से 06 कर्मचारी विभिन्न पदों पर कार्यरत है ।

(डॉ. जे. एल. बघेल)
प्राचार्य



Scanned with CamScanner